# जिले में बारिश का कहर, नदी-नाले उफान पर

## शहर से गांव का संपर्क टूटा, कई पुलियां हुईं क्षतिग्रस्त, सड़क मार्ग हुए बंद







**नरसिंहपुर,देशबन्धु।** जिले में पिछले 48 घंटे से अधिक समय से हो रही बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं। जिससे जिला मुख्यालय का संपर्क कई क्षेत्रों से टूट गया है। बारिश के कारण छोटी-बड़ी नदियों का बहाव तेज हो गया है और कई पुलों के ऊपर से पानी बह रहा है।

जानकारी के अनुसार जिले में पिछले 48 घंटे के भीतर लगभग 10 इंच (250 मिमी) वर्षा दर्ज की गई है । वहीं रविवार को भी बारिश का सिलसिला बना रहा मौसम विभाग के अनुसारआगे भी बारिश होने की संभावना है। लगातार हो रही बारिश से जिले की प्रमुख नदियों का जलस्तर काफी बढ़ गया है, जिनमें नर्मदा, शेड़, सीतारेवा, शक्कर, और सींगरी शामिल हैं। लगातार हो रही वर्षों के कारण कई क्षेत्रों से जिला मुख्यालय का संपर्क टूट गया है। जलभराव के कुछ सड़कों का नजारा भी नहीं दिखाई दे रहा है। शेड़ नदी की बाड़ ने धमना-सांकल मार्ग और नरसिंहपुर से गोटेगांव मार्ग के बीच बरहटा शेढ़ नदी के पुल को भी डुबो दिया है। श्रीनगर से उमरिया बुदैना और आसपास के क्षेत्र में दतला नाला भी उफान पर है, जिससे स्थानीय तहसील से संपर्क टूट गया।

**बाढ़ से डूबा शेड़ नदी का पुल**

इसके अतिरिक्त, स्टेट हाईवे 22 पर बंदेसुर और बटेसरा के बीच एक पुलिया बारिश के कारण धंस गई, जिससे करेली से गाडरवारा का संपर्क भी बाधित हो गया। इस दौरान, नेशनल हाईवे 44 पर दादा महाराज के समीप एक विशाल वृक्ष सड़क पर गिरने से यातायात काफी देर तक अवरुद्ध रहा। यात्रियों ने इस दौरान दूसरी और और डांगीढाना मार्ग का उपयोग किया।

**मौसम विभाग के अनुसार अलर्ट जारी**

जिले में बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार इस मानसून सत्र में जिले में 10 इंच से अधिक वर्षा दर्ज की जा चुकी है और आगामी सप्ताह भर और तेज बारिश की संभावना जताई गई है, जिससे हालात और बिगड़ सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ के हालातों से निपटने के लिए टीम गठित कर अन्य व्यवस्थाएं की गईं हैं। साथ ही उन्होने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे नदी-नाले में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए उनसे दूर रहें किसी भी प्रकार का जोखिम न लें।

## सार-समाचार

### सरकारी कार्यालय परिसर में भरा पानी और मलबा, नपा ने जेसीबी से हटाया

**नरसिंहपुर,देशबन्धु।** जनपद पंचायत नरसिंहपुर के परिसर में बारिश का पानी जमा होने की समस्या का स्थायी समाधान करने शनिवार को नगरपालिका के अमले ने कई घंटे कार्य किया। नगरपालिका अध्यक्ष नीरज दुबे के निर्देश पर अमला जेसीबी और अन्य संसाधनों के साथ मौके पर पहुंचा। अमले ने जनपद के बाजू से बनी नाली की सफाई करने के साथ ही जब रोड पर बनी पुलिया के अंदर खुदाई कर मलबा निकाला तो कुछ घंटे में ही परिसर खाली हो गया। अमले ने बताया कि पुलिया के अंदर काफी पत्थर फंस गए थे और मलबा जमा था। जिसके कारण निकासी बाधित हो रही थी। शनिवार की सुबह से दोपहर बाद तक यहां कार्य चलने से सुभाष पार्क चौराहा से कलेक्ट्रेट मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पर भी असर रहा।

### आज गाय को ग्राम माता घोषित करने का होगा शंखनाद



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** 10 हजार गांवों में गाय को ग्राम माता का दर्जा दिलाने के लिए आज 7 जुलाई को तुलसी मानस भवन में संकल्प के साथ 90 दिवसीय गौ रक्षा जागरण यात्रा का शंखनाद किया जाएगा। आज संत बृज बिहारी सरकार अनिकेत कृष्ण शास्त्री महाराज के सानिध्य में सुबह 11 बजे से 1.30 बजे तक आयोजित महादरबार में संकल्प को दोहराकर यात्रा की घोषणा की जाएगी। यात्रा के दौरान लक्षित ग्रामों में पहुंचकर लोगों को गौ संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरुक करते हुए धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में गाय के महत्व को प्रतिपादित किया जाएगा। सभी धर्मावलंबियों से उपस्थिति का आग्रह कर किस अभियान को सफल बनाने की अपेक्षा की गई है।

### विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषय वाले माध्यमिक शिक्षकों का प्रशिक्षण आज

**गाडरवारा, देशबन्धु।** क्षेत्र की शासकीय शालाओं मे पढ़ाने वाले माध्यमिक शिक्षकों का 2 दिवसीय प्रशिक्षण 7 जुलाई दिन सोमवार को सुबह 9ः30 बजे से चीचली एवं साईंखेड़ा मे अलग अलग शुरू हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरस्वती उ मा विद्यालय साईंखेड़ा मे सामाजिक विज्ञान विषय एवं बीआरसी कार्यालय चीचली मे विज्ञान विषय पढ़ाने वाले शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू होगा। प्रशिक्षण मे बीआरसी डी के पटैल एवं संदीप स्थापक ने शिक्षकों से उपस्थिति की अपील की है।

### क्षेत्रीय छात्र-छात्राएं जिला मुख्यालय में करेंगे विज्ञान विषय के मॉडलों का प्रदर्शन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** 7 जुलाई दिन सोमवार को क्षेत्रीय शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के चयनित छात्र छात्राएं नरसिंहपुर के एम एल बी स्कूल मे आयोजित इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मे मॉडलो का प्रदर्शन करेंगे। इस आयोजन के लिए शासकीय व अशासकीय स्कूलों के लगभग 50 छात्र छात्राएं अपने मार्गदर्शी शिक्षकों के साथ मॉडल बनाकर उनका प्रदर्शन एवं व्याख्या करेंगे। विदित हो कि इस योजना के तहत छात्र छात्राओं ने मॉडलो के आइडिया पोर्टल पर अपलोड किये थे जिसके बाद अच्छे मॉडलो का चयन पोर्टल से ही हुआ और सूची जारी कर चयनित विद्यार्थियों के खाते मे 10 हजार रूपये की राशि मॉडल निर्माण के लिए जारी की गईं है।

# अपनी संस्कृति और संस्कारों से स्थापित है वैश्य वर्ग की विशिष्ट पहचान

## सम्मेलन एवं वैश्य विभूति अलंकरण समारोह आयोजित



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विगत दिवस वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिला सम्मेलन में नरसिंह वैश्य विभूति अलंकरण समारोह स्थानीय होटल सावित्री सिग्नेचर में वैश्य महासम्मेलन प्रदेशाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य, प्रदेश महामंत्री इंजी.सुनील कोठारी, महिला इकाई प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन के विशिष्ट आतिथ्य व जिलाध्यक्ष अजय जैन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने महासम्मेलन के गठन से वर्तमान तक की स्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में सबसे बड़ा गैर राजनीतिक संगठन वर्तमान में वैश्य महासम्मेलन ही है। वैश्य वर्ग की अपनी संस्कृति और संस्कारों से अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित है। देश की अर्थव्यवस्था की रीढ कहे जाने वाले वैश्य समाज को अन्य क्षेत्रों में भी आगे आने की आवश्यकता है। प्रदेश महामंत्री इंजी सुनील कोठारी ने कहा कि वैश्य महासम्मेलन सभी वैश्य घटकों का एक परिवार है, हम अपनी आने वाली पीढ़ी को अभी से संगठन में सहभागी कर वैश्य वर्ग के सुदृढ़िकरण हेतु निरंतर प्रयासरत रहें। जिला अध्यक्ष अजय जैन ने अपने संबोधन में अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि देश भर में तीन सौ से अधिक वैश्य घटक हैं, जिसमें से लगभग तीस घटक हमारे जिले में निवासरत हैं, और सभी घटकों की संगठन में सक्रिय सहभागिता है। नरसिंहपुर जिले में के संगठन के माध्यम से वैश्य वर्ग की मजबूती हेतु विविध कार्यक्रम एवं गतिविधियां उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर चलायमान है।

**इनका हुआ सम्मान**

वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के जिला सम्मेलन नरसिंहपुर में जिले में निवासरत विभिन्न वैश्य घटकों के अध्यक्षगण सहित धर्म, संस्कृति, शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण, खेल कूद, पत्रकारिता, राजनैतिक-प्रशासनिक, संगीत, महिला सशक्तिकरण एवं समाज सेवा के विविध क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले वैश्य बंधुओं एवं मातृ शक्तियों को नरसिंह वैश्य विभूति अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया।

**इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिनेंद्र डागा, संभाग उपाध्यक्ष नवनीत चाचा, संभाग संगठन मंत्री अनिल गुप्ता, युवा इकाई संभाग अध्यक्ष इंजी जितेंद्र गुप्ता, जिला प्रभारी बी डी सोनी, महिला इकाई जिलाध्यक्ष सपना जैन, युवा इकाई जिला प्रभारी अमित जैन, युवा इकाई जिलाध्यक्ष आयुष कठल, जिला पदाधिकारी राजेश गुप्ता सहित सभी तहसीलों के पदाधिकारियों व वैश्य बंधुओं व मातृ शक्ति की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# भाजपा ने मनाई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा हर वर्ष 6 जुलाई को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती मनाती है। इसी तारतम्य में रविवार को भाजपा ने जिले के सभी बूथों पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पौधारोपण कर जन्म जयंती मनाई।डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने नगर के वार्ड क्रमांक 36 चन्दनगांव स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वाटिका में छायादार पौधों का रोपण किया।

पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का व्यक्तित्व इन पेड़ों की तरह था। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने पूरे जीवनकाल सभी को कुछ ना कुछ दिया। उन्होंने कभी खुद कुछ लेने की इच्छा नहीं रखी। श्री यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन देश सेवा और जन सेवा के लिए समर्पित रहा। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी से जो देश सेवा और जन सेवा की सीख मिलती है उसे अपने जीवन में उतारना चाहिए। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित हुआ मुख्य कार्यक्रम डा॰ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जन्म जयंती का मुख्य कार्यक्रम जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित किया गया। जन्म जयंती कार्यक्रम के मुख्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे। भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को हुआ था, डॉ. मुखर्जी ने शिक्षा कोलकाता विश्वविद्यालय से प्राप्त की और बाद में वे लंदन विश्वविद्यालय में प्रोफेसर बने, मुखर्जी महान नेता, शिक्षाविद् और देशभक्त थे, भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना की, डॉ. मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर के लिए एक देश में एक विधान, एक निशान, एक प्रधान की मांग की।

# चीचली में धड़ल्ले से चल रहा सट्टा कारोबार, पुलिस फेल

**गाडरवारा देशबंधु।** चीचली में इन दिनों सट्टे का अवैध कारोबार जोर शोर से चल रहा है। एक रुपए को अस्सी रुपया बनाने के चक्कर में खासकर युवा वर्ग अधिक बर्बाद हो रहे हैं। सट्टे के इस खेल को बढ़ावा देने सटोरी ग्राहकों को मुफ्त में स्कीम देखने सट्टे नंबर वाले चार्ट उपलब्ध करा रहे हैं। इसका गुणा भाग कर ग्राहक सट्टे की चपेट में बुरी तरह से फंस कर पैसा इस अवैध कारोबार में गंवा रहा है।




चीचली में चौक चौराहे में स्थित कई जगहों पर सट्टे लिखवाने वालों भीड़ देखी जा सकती है। खाईवालों के चक्रव्यूह में लोग इस कदर फंस चुके हैं की इससे उबर नहीं पा रहे हैं। चीचली में समीपस्त गरम के रहने वाले एक खाईवाल लंबे समय से सट्टा संचालित कर रहे हैं। पुलिस और खाईवालों की मिलीभगत से यह अवैध कारोबार चीचली सहित आस पास के अंचल में पुरी तरह से चरम पर है। खाईवालों ने भी गांव व नगर में अपना-अपना जोन बंटा हुआ है। एक दूसरे के जोन में कोई दखल नहीं देता है।

राजनैतिक पहुंच और पुलिस से सांठगांठ के चलते ये अवैध कारोबार को बाकायदा लाइसेंसी कारोबार के रूप में खुले आम संचालित हो रहा है। पुलिस और खाईवालों की सेटिंग इतनी तगड़ी है कि ऊपर अधिकारियों को दिखाने ये खाईवाल अपने गुर्गों के नाम हर महीने कुछ प्रकरण बनवा देते हैं। ऊपर बैठे अफसरों को लगता है पुलिस कार्रवाई कर रही है। जबकि वास्तव में ये सांठगांठ का एक पहलू होता है। सवाल ये है कि जब पुलिस हर महीने सटोरियों के गुर्गों के खिलाफ कार्रवाई करती है तो फिर उनसे पूछताछ कर खाईवालों तक क्यों नहीं पहुंच पाती।

# विद्युत विभाग के अमले ने विपरीत परिस्थितियों में दिखाई तत्परता





**नरसिंहपुर,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लि.नरसिंहपुर संभाग अंतर्गत डांगीढाना वितरण के मुंगवानी मुख्यालय में अति बारिश, तेज हवा आंधी से ध्वस्त हुए 11केवी लाइन के 3 पोल ओर डी पी स्ट्रक्चर को मात्र चंद घंटों में विद्युत कर्मचारियों ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी विद्युत व्यवस्था बहाल की। वितरण केन्द्र प्रभारी कनिष्ठ अभियंता संदीप यादव ने बताया कि अति बारिश और तेज हवा आंधी से ध्वस्त हुई लाइन की जानकारी सहायक अभियंता प्रसून शर्मा ओर कार्यपालन अभियंता विवेक जशेले को दी गई ।

उनके द्वारा तत्काल 3 नंबर पी सी सी पोल एवं जरूरी अन्य सामग्री उपलब्ध कराई गई । जल्द से जल्द में विद्युत व्यवस्था बहाल करने के निर्देश पर कनिष्ठ अभियंता के द्वारा स्टॉफ को लेकर मौके पर पहुंच कर क्षतिग्रस्त विद्युत पोल ओर डी पी स्ट्रक्चर को चंद घंटों में ठीक कर विद्युत सप्लाई चालू कर दी गई । इस मौके पर लाइनमैन रामकलेश विश्वकर्मा, अर्जुन ठाकुर, दिनेश अहिरवार, परीक्षण सहायक अशोक आदि कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे ऊर्जा विभाग के अधिकारियो ओर कर्मचारियों की इस सहारनीय कार्य के लिए प्रशंसा वन विभाग की टीम ओर ग्रामीणों की ओर से करते हुए ऊर्जा विभाग का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।कनिष्ठ अभियंता के द्वारा बताया गया कि ऐसी विपरीत परिस्थितियों में कार्य कर उपभोक्ताओं को निर्बाध ओर सुचारू अटल ज्योति लाइन 24 विद्युत सप्लाई देने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही आपने सभी से अपील कि कोई भी ऐसा कार्य लोग ना करें जिससे कि विद्युत सप्लाई में परेशानी हो। सभी विभाग को सहयोग प्रदान करें। जिससे सुचारू विद्युत व्यवस्था ऊर्जा विभाग दे सके।

# पुलिस की अनदेखी, शराबियों ने सड़क को बना लिया आहाता, खुलेआम पी जा रही शराब

**गाडरवारा, देशबन्धु।** शासन ने अहाताबार बंद कर दिए, ताकि शराबी शराब पीकर उत्पात न मचाएँ और सभ्यता बनी रहें। आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न ही, लेकिन धुलिस, आबकारी और प्रशासनिक अधिकारियों को अनदेखी का आलम यह है कि सहमे ही अहाताबार बन गई है। नगर में खुलेआम सड़कों पर जहां मन चाहे यहां खड़े होकर शराब पी जा रही है।

कोई आपत्ति लेता है तो उसके साथ गाली गलौच कर दी जाती है। इस पर रोक लगाने वाला कोई नहीं है। इससे अब नागरिक त्रस्त हो चुके हैं। नगर में शराबियों का ऐसा ही जमघट रोजाना लग रहा है। शराबियों ने ओपन अहाताबार बना लिया है। जहां सड़कों पर खड़े होकर लोगों की दुकानों के सामने होटलो पर बैठकर, रेलवे के गेट के पास निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के नीचे, बायपास सड़क के किनारे बैठकर शराब पी जा रही है। एक प्रकार से यहां की सड़क सुबह होते और देर रात तक आहाताबार का रूप ले लेती है। पूर्व में कई बार नगर वासियों ने कार्यवाही की मांग की, लेकिन पुलिस आती है, शराब पीने और पिलाने वालों को समझाइस देकर चली जाती है और अपने कर्तव्य से पल्ला झाड़ लेती है।

रोजाना नगर में अवैध रूप से शराब पिलायी जा रही है। शराबियों द्वारा उत्पात मचाया जाता है व गाली गलौच एवं विवाद किया जाता है। शराबियों के उत्पात से आमजन व दुकानदार परेशान हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के आसपास शराब सेवन के साथ खाद्य सामग्री विक्रय की जाने वाली दुकानों पर जहां पर शराबियो द्वारा खुलेआम शराब पी जाती है। चखने बेचने के लालच में सड़क के किनारे अवैध तरीके से दुकानी पर शराब पिलायी जा रही है।

इस दौरान शराबियों द्वारा शराब पीकर उत्पात मचाया जाता है। खुलेआम गाली गलौच की जाती है। बायपास रोड परशाम के समय तो यहां सड़कों पर अहाताबार जैसी स्थिति बन जाती है। शराबियों द्वारा शराब पीकर दुकानो के सामने ही उल्टियां कर देते है। यहां वहां खाली बाटल और डिस्पोजल फेंक देते है। बोतल फोड़ देते हैं, जिससे अस्वच्छता की स्थिति बनती है।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए